बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-252
14/06/2022

मधेपुरा से पंजाब जा रही बस दुर्घटना में 4 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

- **प्रत्येक मृतक के शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2–2 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश**

पटना, 14 जून 2022 :– मधेपुरा से पंजाब जा रही बस के उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में एन0एच0– 28 पर दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुखद है।

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2–2 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी ईश्वर से कामना की है।

****